नियत कार्य

पी.जी.डी.एच.ई.
द्वितीय वर्ष
(जनवरी–2021 एवं जुलाई–2021)

शिक्षा विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली–110068

नियतकार्य

पी.जी.डी.एच.ई
द्वितीय वर्ष
जनवरी–2021 एवं जुलाई–2021

कृपया ध्यान दें :

क) विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियतकार्यों का चयन स्वयं द्वारा पसन्द किये गये विशिष्ट क्षेत्र से करें।

ख) नियतकार्यों के उत्तर अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास व्यक्तिगत रूप से जमा किये जा सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक से भेजे जा सकते हैं।

ग) अपने स्वयं के हित के लिए आप को सभी नियतकार्यों की एक–एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखनी चाहिए।

विशिष्ट क्षेत्र : उच्च शिक्षा

एम.ई.एस.–101: उच्च शिक्षा : इसका सन्दर्भ एवं संयोजन

नियतकार्य : 01

क) ब्रिटिश शासन के दौरान एवं स्वतंत्रता के बाद भारत में व्यक्ति और समाजिक सन्दर्भ में शिक्षा के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। स्वतंत्रता के पश्चात् शिक्षा के उद्देश्यों में परिवर्तन लाने के लिए उत्तरदायी कारकों की परिचर्चा कीजिए। (500 शब्द)

ख) उच्च शिक्षा में गुणवत्ता से क्या आश्य है? उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता का आंकलन करने में नैक (एन.ए.ए.सी.) के पालन में प्रत्यायन की प्रक्रिया की समीक्षात्मक परिचर्चा कीजिए।

(500 शब्द)

ग) शिक्षण, अनुसन्धान और प्रसार के प्रकार्य किस प्रकार जुड़े हैं? उच्च शैक्षिक संस्थानों में तीन प्रकार्यों के संयोजन का आप का आंकलन क्या है? (500 शब्द)

एम.ई.एस.–102 : उच्च शिक्षा में अनुदेशन

नियतकार्य : 01

क) शिक्षक सुयोग्यता (कम्पिटेन्स) से क्या तात्पर्य है? उन योग्यताओं और कौशलों का वर्णन कीजिए जो उच्च शिक्षा के शिक्षक को कक्षा में अपने विद्यार्थियों को प्रभावात्मक रूप से पढ़ाने में योग्य बनाते हैं। (500 शब्द)

ख) उच्च शैक्षिक संस्थानों में वर्तमान परीक्षा पद्धति में सुधार लाने के लिए प्रस्तुत किये जाने वाले आवश्यक सुधारों की संक्षेप में परिचर्चा कीजिए। (500 शब्द)

ग) इकाई योजना और पाठ योजना में अन्तर स्पष्ट कीजिए। स्नातक स्तर पर अपनी पसन्द के विषय से एक इकाई का चयन कीजिए और इस पर एक विस्तृत इकाई योजना तैयार कीजिए। (500 शब्द)

एम.ई.एस.–103 : उच्च शिक्षा : मनो–सामाजिक सन्दर्भ

नियतकार्य : 01

क) बुद्धि के मनोमितीय सिद्धांतों का वर्णन कीजिए। (500 शब्द)

ख) शिक्षण–अधिगम में अभिप्रेरणा–सिद्धान्तों के शैक्षिक निहितार्थों की परिचर्चा कीजिए।

(500 शब्द)

ग) मन्द–दृष्टि वाले शिक्षार्थियों की अधिगम विशिष्टतायें कौन सी हैं? उनकी सुविधा के लिए

एक महाविद्यालय शिक्षक को कौन सी रणनीतियाँ अपनानी चाहिए? परिचर्चा कीजिए।

(500 शब्द)

एम.ई.एस.–104 : उच्च शिक्षा का नियोजन एवं प्रबन्धन

नियतकार्य : 01

क) 'विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता के लिए जवाबदेही एक आवश्यक एवं महत्त्वपूर्ण पूर्व–शर्त है।' इस कथन की परिचर्चा कीजिए। (500 शब्द)

ख) उच्च शिक्षा शिक्षक के द्वारा कक्षा–कक्ष वातावरण और कार्यों को किस प्रकार प्रभावी रूप से प्रबन्धित किया जा सकता है? संक्षेप में परिचर्चा कीजिए। (500 शब्द)

ग) मान लीजिए आप के अपनी पसन्द के विषय में पाठ्यचर्या–विकास के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विशेषज्ञ समूह का सदस्य बना दिया जाता है। उस पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यचर्या विकसित करते समय आप किन चरणों का पालन करेंगे? वर्णन कीजिए।(500 शब्द)